32

1B3N19180 (Pages : 2) Reg. No:.......................

Name: ....

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

Third Semester BA / B.Sc Degree Examination, November 2019

BHIN3A09(1) – Poetry in Hindi

(2018 Admission onwards)

Time: 3 hours Max. Marks: 80

I प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है ।

(क)कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 छोटे पौधे किसका प्रतीक है ? (राजनीतिज्ञ, शोषक वर्ग, भ्रष्टाचारी, शोषित वर्ग)

2 अयोध्या किस नदी के किनारे स्थित है ? (सरयू गंगा, तमसा, कावेरी)

3 'अपराजिता' किसकी रचना है ? (अनामिका, कात्यायनी, निराला, अरुण कमल)

4 नदी किससे हार गयी ? (कछुआ, बाघ, साबुन, हाथी)

5 भूमिजा का अर्थ क्या है ? (भूमि से पैदा हुआ,भूमि की माँ,भूमि की बहिन,भूमि का पौधा)

(ख) खाली जगहों को भरिए :

6 ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा का नाम --------- है ।

7 कबीरदास की बानी का संग्रह ---------- कहलाता है ।

8 कौशल्यानन्दन ---------- है ।

9 आदिकाल की सबसे प्रमुख वीरगाथा चन्दबरदाई कृत ------------ है ।

10 नागार्जुन का असला नाम ------------ है । **(10 x 1 = 10 Marks)**

II किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :

11 गंगा को भागीरथी नाम कैसे मिल गया ?

12 सूरदास क्यों कृष्ण के चरण कमलों की वन्दना करते हैं ?

13 सीता को क्यों 'अयोनि सम्भवा' कही जाती है ?

14 सत्संग के प्रभाव के संबन्ध में कबीरदास का विचार क्या है ?

15 प्रेमिका के बाल जाल में प्रेमी क्यों अपनी आँखें उलझा नहीं पाते ?

16 नदी की शुभ्र त्वचा बैंगनी हो जाने का कारण क्या है ?

17 सक्सेना जी क्यों कहते हैं कि सबसे पहले पिछड़ा आदमी मारा जाता है ?

18"अक्षत, अनाघ्रात, अस्पृष्ट, अनाविल ..... "भावार्थ समझाइए ।

19 त्रिजटा ने कौन-सा सपना देखा ?

20 सीता की धाई क्यों कहती है कि वह जनक की पुत्री नहीं है ?

21 विश्वामित्र अयोध्या आने का इरादा क्या था ?

22 कवि क्यों कहते हैं कि राम और वेद मनुष्य को रोटी नहीं दे सकते ?

(10 x 2 = 20 Marks)

III किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

23 बलराम के बारे में बालक कृष्ण को यशोदा से क्या-क्या शिकायत है ?

24 'भूमिजा' में गंगा नदी की महिमा का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?

25 अहल्या का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

26 " आतंकित खगमृग कृमि कीट भुजंग
दूर-दूर ही रहे, न फटके पास
सिरज गई सीता अभिनव इतिहास
धरती पर था खड़ा कल्पना-पुत्र ..... "

27 " झाड़ू थामे हाथों की सरसराहट
साफ सुनायी पड़ती है भीड़ के बीच
बियाबान जंगल में सनसनाती हवा की तरह । "

28 " अपने वजूद की माटी से
धोती थी रोज़ इसे दुल्हन
और गोदी में बिछा कर सुखाती थी ।"

(4 x 5 = 20 Marks)

IV किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तृत रूप से लिखिए :(300 शब्दों में)

29 'धब्बा' कविता का साराँश लिखकर वर्तमान समाज की अमानवियता और नृशंसता पर अपना विचार स्पष्ट कीजिए ।

30 'अपराजिता' कविता स्त्रीवादी चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है - समीक्षा कीजिए ।

31 'भूमिजा' काव्य का साराँश लिखकर उसमें प्रकाशित विचारों पर प्रकाश डालिए ।

(2 x 15 = 30 Marks)